मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-57
18/01/2023

मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में बक्सर जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 18 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में बक्सर समाहरणालय, बक्सर में समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में बक्सर जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी बक्सर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजनाः कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल योजना मेंटेन रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि लोगों को लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत प्राप्त आवेदन का त्वरित निष्पादन हो, इसमें देर नहीं होनी चाहिए। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर कराएं, इसमें विलंब नहीं होनी चाहिए। अल्पसंख्यक छात्रावास योजना के लिए जगह का चयन कर काम को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना का लाभ छात्रों को मिलता रहे, इसका विशेष ध्यान रखें। छात्रावास में जीविका दीदियों को खाना बनाने के काम में लगाएं।

छात्रावास मेंटेन रहे ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नियमित रूप से साफ–सफाई का काम होना चाहिए।

बक्सर जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह बक्सर जिले के प्रभारी मंत्री मो0 आफाक आलम, विधायक श्री शंभू नाथ यादव, विधायक श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, विधायक श्री विश्वनाथ राम, विधायक श्री अजीत कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री राधाचरण साह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी बक्सर श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक बक्सर श्री मनीष कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******